# मासूम के गले में फंसा सिक्का, अस्पताल में अव्यवस्था

## अस्पताल में डॉक्टर नहीं, कलेक्टर के दखल पर निजी अस्पताल में शुरू हुआ इलाज

**नवभारत न्यूज**

**गुना 11 फरवरी. जिला अस्पताल की चकाचक नई बिल्डिंग, करोड़ों का साजो-सामान और गोल्डन ऑवर में जीवन बचाने के बड़े-बड़े दावे... ये सब बुधवार को उस समय धरे के धरे रह गए जब एक 4 साल की मासूम बच्ची की जान पर बन आई.**



गले में सिक्का अटकने के बाद तड़पती बच्ची को सरकारी अस्पताल ने मशीन और डॉक्टर नहीं है कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया. यह हृदय विदारक स्थिति तब बदली जब जिला कलेक्टर ने सीधे हस्तक्षेप किया और रेडक्रॉस के माध्यम से निजी अस्पताल में बच्ची के उपचार की व्यवस्था कराई.

उल्लेखनीय है कि गुना जिला अस्पताल महज दो दिन पहले ही अपनी नई और भव्य बिल्डिंग में शिफ्ट हुआ है. स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा दावा किया गया था कि नई बिल्डिंग में अत्याधुनिक मशीनरी और विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से गंभीर से गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिलेगा. लेकिन, अयोध्या (यूपी) से आकर यहाँ तंबू में रहकर चटाई, चूड़ी और कंगन बेचने वाले एक गरीब परिवार की 4 साल की बच्ची नेहा के मामले ने इन दावों की कलई खोल दी. बच्ची के पिता ऊंधल महावत जोगी ने बताया कि सुबह नेहा ने खेलते समय 5 रुपए का सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में फंस गया. बच्ची कुछ भी खा-पी नहीं पा रही थी और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी. जब पिता उसे लेकर सरकारी अस्पताल की नई बिल्डिंग में पहुँचा, तो वहां सोनोग्राफी में सिक्का फंसा हुआ तो दिखा, लेकिन डॉक्टरों ने संवेदनहीनता दिखाते हुए कह दिया— यहाँ न तो मशीनरी है और न ही डॉक्टर, इसे किसी निजी अस्पताल ले जाओ.

**10 हजार के अभाव में बाहर बैठा रहा परिवार:** सरकारी अस्पताल से दुत्कारे जाने के बाद गरीब पिता बच्ची को लेकर राम हाईटेक नामक निजी अस्पताल पहुँचा. वहां इलाज के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई. गरीबी की मार झेल रहे पिता के पास इतने पैसे नहीं थे, जिसके चलते वह अस्पताल के बाहर बैठकर बेबसी के आंसू बहाने लगा. इसी दौरान रेडक्रॉस के एक सदस्य की नजर उन पर पड़ी, जिन्होंने तत्काल मामले की जानकारी जिला कलेक्टर किशोर कन्याल को दी. कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल निजी अस्पताल प्रबंधन को फोन लगाया और बच्ची का इलाज प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए. साथ ही, उन्होंने रेडक्रॉस के माध्यम से इलाज का पूरा खर्च वहन करने की व्यवस्था की. कलेक्टर के फोन पहुँचते ही जो निजी अस्पताल पहले पैसों के लिए परिवार को बाहर बिठाए था, उसने तत्काल बच्ची को अंदर बुलाकर उपचार शुरू कर दिया.

### क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक?

राम हाईटेक अस्पताल के प्रबंधक डॉ. वायएस रघुवंशी ने बताया कि बच्ची को भर्ती कर लिया। चूंकि उसने कुछ खा लिया था, इसलिए फिलहाल उसे दवाएं दी जा रही हैं। बुधवार सुबह उसे खाली पेट रखकर एनेस्थीसिया (बेहोशी) के तहत गले से सिक्का निकालने की प्रक्रिया की जाएगी। डॉ. रघुवंशी ने यह भी कहा कि रेडक्रॉस के निर्देशों के अलावा अस्पताल प्रबंधन भी अपनी ओर से आर्थिक मदद करेगा।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान

यह घटना गुना के स्वास्थ्य महकमे के लिए एक बड़ा तमाचा है. सवाल यह उठता है कि यदि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई नई बिल्डिंग में एक मासूम के गले से सिक्का निकालने जैसी सामान्य सुविधा भी नहीं है, तो फिर इन भव्य इमारतों का क्या लाभ? गरीब पिता का कहना है कि वह चार-पांच महीने से यहाँ तंबू डालकर फेरी लगा रहा है, लेकिन सरकारी अस्पताल के इस व्यवहार ने उसे झकझोर कर रख दिया. फिलहाल, कलेक्टर की सक्रियता से मासूम नेहा की जान खतरे से बाहर बताई जा रही है.

# बिलहरा सीएमओ को निलंबित किया

- जनसुनवाई में बगैर सूचना के रहे अनुपस्थित
- कारण बताओ नोटिस का जबाव नहीं दिया

**सागर 11 फरवरी. कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस जैसीनगर में आयोजित जनसुनवाई में बगैर पूर्व सूचना एवं बगैर अनुमति के अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिलहरा केबीएस बघेल को निलंबित कर दिया.**

कलेक्टर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार बघेल बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहे, जबकि इस संबंध में सीएमओ को पूर्व में सूचना दी गई थी, जिससे शिकायतों की उचित समीक्षा नहीं की जा सकी जिसके लिये सीएमओ श्री बघेल को पूर्व में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था. उक्त संबंध में सीएमओ बघेल द्वारा जनसुनवाई से अनुपस्थित होने के संबंध में कोई भी कारण स्पष्ट नहीं किया और न ही स्वयं समक्ष में उपस्थित हुए. उपरोक्त के दृष्टिगत सीएमओ श्री बघेल को म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961,मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के उपबंधों के उल्लंघन करना पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया.

विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त किए एवं मौके पर ही आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. ज्ञातव्य हो कि शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु कलेक्टर संदीप आर द्वारा जिले में विकासखंडवार जनसुनवाई आयोजित की जा रही है.

## बिजली पोल पर चढ़े मजदूर की करंट से मौत

**मुलताई.** बिरुल बाजार रोड पर बुधवार की दोपहर 11 केवी बिजली लाइन बदलने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. जिसका जिम्मेदार मौके पर कार्य करा रहे बिजली कंपनी के ठेकेदार को माना जा रहा है, जिसने बिना जांच कराए सुरक्षा मानको को ध्यान में नहीं रखते हुए मजदूर को कार्य करने बिजली पोल पर चढ़ा दिया. यह नहीं देखा की बिजली बंद है चालू है.

बताया जाता है क्षेत्र में वीटीएल कंपनी के ठेकेदार द्वारा लाइन बदलने का कार्य बुधवार को बिरूल बाजार रोड पर कराया जा रहा है.

## तिलक सिंदूर रूद्रधाम में आज से 16 तक होगा यज्ञ

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 11 फरवरी. सिवनी मालवा से 40 किलोमीटर दूर सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित तिलक सिंदूर रूद्रधाम पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ श्री साम्ब महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है.**

यह धार्मिक आयोजन अपने 54 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है. श्री बम् बम् समाज कल्याण तिलक सेंदूर समिति के अनुसार आयोजन 12 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक संपन्न होगा. कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन प्रात:कालीन पूजन, रुद्राभिषेक, वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे. महाशिवरात्रि के दिन विशेष पूजन एवं महाआरती का आयोजन होगा. आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है. इस सम्बंध में विद्वान पंडित विद्याधर शर्मा ने बताया कि यह एक मात्र स्थान है जहाँ भगवान शिव को सिंदूर चढता है. तिलक सिंदूर धाम में मेले की तैयारी शासन करता है. यहां यज्ञ समिति द्वारा यज्ञ कराया जाता है. उन्होंने बताया कि यहां एक संत हंसानन्द जी आये थे उन्होंने यज्ञ किया था उस समय पानी भी नहीं था सन्त ने गंगा जी का आव्हान किया उस समय से यहां पानी रहता है.



एकमात्र स्थान जहां भगवान शिव को चढ़ता है सिंदूर

# तेज आवाज के डीजे साउंड मचा रहे शोर

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 11 फरवरी, क्षेत्र में इन दिनों कई कार्यक्रमों में तेज आवाज में डीजे साउंड शोर मचाते दिखाई देते है. कई बार कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज में डीजे साउंड आदि का उपयोग किया जाता है. तो कई बार देर तक इन डीजे साउंड को बजाया जाता है. तेज आवाज में बजने वाले डीजे साउंड का शोरगुल लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है.**



वही इसके कारण बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों आदि को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. तो वही डीजे साउंड की तेज ध्वनि छात्रों की परीक्षा की तैयारी में बाधा बन रहे है.

क्षेत्र में शादी समारोह, बारात एवं विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज में डीजे साउंड आदि का उपयोग किया जाता है. कई बार तो इन कार्यक्रमों में देर तक डीजे साउंड का उपयोग होता है. इन डीजे साउंड का शोरगुल लोगों की परेशानी का सबब बन जाता है. जिसके कारण लोगों को खासी परेशानी होती है.

खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चों एवं बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को इसके कारण काफी परेशान होना पड़ता है. लेकिन इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. क्षेत्र में कई बार कार्यक्रमों में गार्डनों एवं स्थानों पर तेज आवाज में साउंड और डीजे का शोरगुल सुनाई देता है.

### छात्रों की परीक्षा की तैयारी में बन रहे बाधा

इन दिनों छात्र-छात्राएं परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए हैं. ऐसे में शादी समारोह एवं आयोजनों में बजने वाले तेज आवाज के डीजे एवं साउंड के शोरगुल से छात्र छात्राओं को परीक्षाओं की तैयारी करने में परेशानी होती है. एवं उनका अध्यापन कार्य प्रभावित होता है. खासतौर पर गार्डनों, धर्मशालाओं, प्रमुख रास्तों के आसपास रहने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती है.

## बंद समूहों का सर्वे, सरपंच-सचिवों को नोटिस थमाए

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 11 फरवरी,** शासन द्वारा मध्य प्रदेश दीनदयाल योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना में ग्राम पंचायत धामनिया के सरपंच ,सचिव द्वारा आजीविका मिशन कार्यालय, प्रबंधक खिलचीपुर को बिना सूचना दिए हितग्राहियों के निष्क्रिय समूहों का सर्वे विकासखंड जीरापुर की कृषि सखी के माध्यम से कराया गया जो नियम विरुद्ध है. घोर अनियमितता सरपंच , सचिव द्वारा की गई है, जिस पर विकास मिशन प्रबंधक ने सरपंच, सचिव को नोटिस थमाया है.

यही नहीं हितग्राहियों के स्व सहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय है. हितग्राहियों समूह सदस्य के नाम श्रीमति रजान बाई पति कंवरलाल जयश्री राम समूह श्रीमती शांताबाई पति हरिसिंह, जय श्रीराम समूह श्रीमति रेशम बाई पति कंवरलाल,जय श्री राम समूह श्रीमति कंचन बाई पति बनेसिह,जय श्री राम समूह श्रीमति लाडबाई पति भगवान सिंह,जय श्री राम समूह श्रीमति कृष्णा बाई पति मुकेश, जय श्री कृष्ण समूह श्रीमति वललभ भाई पति भोनसिह , जय श्री कृष्ण समूह आदि है.

> यहां समूह पहले बंद थे अब इन समूह को चालू करवा दिया जाएगा.
> **तरुण भट्ट**
> ब्लॉक प्रबंधक खिलचीपुर

# पुरानी रंजिश में चाकूओं से हमला कर किया मर्डर

- आक्रोशित लोगों ने जय स्तंभ चौक पर किया चक्का जाम
- आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 11 फरवरी, गंजबासौदा तहसील में एक मामूली झगड़े ने युवक की जान ले ली.गुस्साए परिजनों ने शहर में चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए.**



कई घंटे तक शहर में तनाव के हालात बने रहे. जय स्तंभ चौक पर हुये चक्का जाम में शामिल प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे.पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्का जाम खत्म हुआ.पुलिस ने दाबा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा. बताया जाता है कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया.

बीती रात गंजबासौदा के एक निजी पेट्रोल पंप के पास 22 वर्षीय गौरव यादव का कुछ लोगों से कहासुनी हो गई.

बताया जा रहा है कि गौरव अपने साथियों के साथ एक शादी समारोह से लौट रहा था.देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और हमलावरों ने गौरव पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.गंभीर रूप से घायल गौरव को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर विदिशा रेफर किया गया.

## डी-मार्ट का विरोध, 13 को विदिशा बंद का ऐलान

**विदिशा,11 फरवरी. शहर में प्रस्तावित डी-मार्ट स्टोर के विरोध में स्थानीय व्यापारियों का आंदोलन तेज हो गया है. बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और बड़े रिटेल स्टोर्स के खिलाफ नारेबाजी की.**

व्यापारियों का आरोप है कि बड़े कॉर्पोरेट मॉल खुलने से छोटे दुकानदारों का रोजगार प्रभावित होगा और पारंपरिक बाजार व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा. संघ पदाधिकारियों का कहना है कि पहले से ही ऑनलाइन शॉपिंग और बड़े शहरों की प्रतिस्पर्धा के कारण छोटे दुकानदार आर्थिक दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में डी-मार्ट जैसे बड़े स्टोर उनकी आजीविका के लिए खतरा बन सकते हैं.

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. इसी क्रम में व्यापारिक संगठनों ने 13 फरवरी को विदिशा बंद का आह्वान किया है. बंद के समर्थन में कई बाजारों की दुकानें स्वेच्छा से बंद रखने की घोषणा की गई है. हालांकि, कुछ उपभोक्ताओं का मानना है कि बड़े स्टोर खुलने से सामान सस्ते दामों पर उपलब्ध होते हैं, जिससे आम लोगों को फायदा मिलता है.

# श्रद्धालुओं को बड़ी राहत, 21 ट्रेनों का होगा स्टॉपेज

## गुरुवार से भोपाल- इंदौर स्टेट हाईवे पर बदल जाएगी यातायात व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 11 फरवरी. प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने जा रहे भव्य रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर इस बार रेलवे और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है. पहली बार 21 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी रूप से सीहोर रेलवे स्टेशन पर रोका जाएगा. यह सुविधा 13 फरवरी से 22 फरवरी तक कुल 10 दिनों के लिए लागू रहेगी, जिससे देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी.**



कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण कथा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है. इसकी अलावा देश के कोने- कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 21 प्रमुख ट्रेनों का स्टापेज सीहोर रेलवे स्टेशन पर किया जा रहा है. इन ट्रेनों के माध्यम से इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर, पुरी, वाराणसी, पटना, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा.

इससे श्रद्धालुओं को भोपाल या इंदौर उतरकर सड़क मार्ग से आने की परेशानी नहीं होगी और वे सीधे कुबेरेश्वर धाम के नजदीक सीहोर स्टेशन पर उतर सकेंगे. ज्ञात रहे हाल ही में 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस और 19091/19092 मुंबई बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्थायी स्टॉपेज शुरू किया गया है. इससे सीहोर की रेल कनेक्टिविटी को स्थायी मजबूती मिली है और रुद्राक्ष महोत्सव के बाद भी यात्रियों को इसका लाभ मिलता रहेगा.



# जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिया फील्ड पर उतरने का टास्क

**गुना, 11 फरवरी. जिला कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में बुधवार को राघौगढ़ विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह की अध्यक्षता में समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण और मैराथन बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में जयवर्धन सिंह ने मतदाता सूची में हुए व्यापक फेरबदल और विसंगतियों को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया.**

उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों में न बैठें, बल्कि हर बूथ पर जाकर मतदाता सूची की असलियत का पता लगाएं. इस महत्वपूर्ण बैठक में जयवर्धन सिंह के साथ बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल भी विशेष रूप से मौजूद थे.

मतदाता सूची में व्यापक कटौती

बैठक को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने मतदाता सूची के आंकड़ों पर गहरी चिंता और आश्चर्य व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि पहले जो प्रारंभिक जानकारी पीडीएफ के रूप में सामने आई थी, उसमें राघौगढ़ विधानसभा से करीब 12 हजार नाम गायब थे, जबकि गुना विधानसभा में 20 से 25 हजार नाम कम हुए थे. इसी तरह चांचौड़ा और बमोरी में भी हजारों मतदाताओं के नाम काटे गए थे.

### युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग है अनिवार्य

संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के भविष्य और युवाओं के लिए प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) बहुत जरूरी है. उन्होंने ग्वालियर में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए बताया कि वीडियो के माध्यम से कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को जिस तरह दशकों के हिसाब से समझाया गया, वह बहुत ही सरल और प्रभावी तरीका है. बैठक में कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि वैसा ही व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर गुना में भी आयोजित किया जाना चाहिए, जिस पर जयवर्धन सिंह ने अपनी सहमति जताई. उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 22 तारीख को सेवादल अध्यक्ष भार्गव जी का गुना आगमन हो रहा है.

**वादियां भक्तिमय** | परिवहन नियमों को तोड़ने वाले वाहनों पर आरटीओ ने की सख्त कार्यवाही

# भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर पचमढ़ी

**नवभारत न्यूज**

**पचमढी, 11 फरवरी. सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी इन दिनों भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर है. पचमढ़ी महादेव मेले के छठवें दिन उच्च शिखर पर स्थित चौरागढ़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की निरंतर आमद से पूरा वातावरण शिवमय हो गया. हर भोला, हर हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से पर्वत और पचमढ़ी की मनोरम वादियां भक्तिमय हो उठीं हैं.**



महाशिवरात्रि पर्व के नजदीक आते ही श्रद्धालुओं के उत्साह में विशेष वृद्धि देखने को मिल रही है. दूर-दूर से पहुंचे भक्त ढोल-नगाड़ों के साथ जयकारे लगाते हुए कठिन चढ़ाई पार कर मंदिर तक पहुंच रहे हैं. रात के समय भी दर्शन और पूजा-अर्चना का सिलसिला लगातार जारी है. मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए प्रार्थनाएं की जा रही हैं. श्रद्धा और भक्ति का यह अनुपम दृश्य हर किसी को भाव-विभोर कर रहा है. पचमढ़ी के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है. जटाशंकर, गुप्त महादेव, बड़े महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है. पूरा क्षेत्र आस्था, श्रद्धा और भक्ति का रंग देखने को मिल रहा है.

### प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद

मेले में प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद है. पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सहायता केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, कंट्रोल रूम खोया पाया केंद्र सहित अन्य श्रद्धालु सहायता केंद्र के माध्यम से भक्तों को निरंतर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है. होमगार्ड एसडीआरएफ एवं पुलिस बल द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत घायल, बीमार सहित खोए हुए श्रद्धालुओं की सतत सहायता की जा रही है. मेला समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चौरागढ़ क्षेत्र में बीमार ताराचंद डेहरिया को तत्काल रूप से नजदीकी मेडिकल कैंप के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया.

## सरकारी तालाब में मशीनों से अवैध खनन

**भैरूंदा.** ग्राम पंचायत इटारसी में सरकारी तालाब में अवैध खुदाई का मामला सामने आया है. भैरूंदा-संदलपुर फोरलेन निर्माण में लगे ठेकेदार ने भारी मशीनें तालाब में उतार दीं. खुदाई शुरू कर दी. ग्रामीणों ने विरोध किया. ठेकेदार ने पंचायत से मिली अनापत्ति को अंतिम अनुमति बताकर काम जारी रखने की कोशिश की. ग्रामीण संजय राजपूत और वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तालाब में रास्ता बनाकर गहरी खुदाई की जा रही थी. कोई वैध प्रशासनिक स्वीकृति नहीं थी. जब ठेकेदार से लिखित अनुमति मांगी गई तो उसकी टीम जवाब नहीं दे सकी. मौके पर हंगामा हो गया. पोकलेन मशीनें और डंपर वहीं खड़े कर काम रोकना पड़ा.